तकनीकी एवं प्रबंधन के छात्रों को पास होने का मिलेगा विशेष अवसर

यूटीयू ने जारी की सूचना, पांच से 12 अगस्त के बीच यूएमएस पोर्टल पर भर सकेंगे फार्म

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के परिसर संस्थानों और संबद्ध तकनीकी एवं प्रबंध संस्थानों के अंतिम वर्ष के छात्रों को स्पेशल बैक पेपर परीक्षा का मौका मिलेगा। इसमें पूरे पाठ्यक्रम के दौरान किसी भी विषय की बैक पेपर की परीक्षा दी जा सकेगी। इसके अर्ह छात्र पांच से 12 अगस्त के बीच विवि के यूएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे।

विवि की ओर से परिसर संस्थानों और संबद्ध संस्थानों के निदेशकों एवं प्राचार्यों को स्पेशल बैक परीक्षा के आयोजन के लिए पत्र भेजा गया है। इसमें बताया गया है कि सत्र 2023-24 में विभिन्न पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के छात्रों की स्पेशल बैक पेपर परीक्षाएं आयोजित कराई जानी है। परीक्षा में शामिल होने के लिए विश्वविद्यालय के यूएमएस (यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम) पर ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरना होगा।

इसकी अंतिम तिथि 12 अगस्त है। स्पेशल बैक परीक्षा से अलग-अलग पाठ्यक्रमों में निर्धारित क्रेडिट हासिल नहीं कर पाने वाले छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी। विवि परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल ने बताया कि परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि के बाद कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। संवाद